Literacy for a Billion

Movie: Love In Tokyo
Year: 1966

Song: O Mere Shahe Khuban
Lyricist: Hasrat Jaipuri

ओ मेरे शाहे ख़ुबाँ
ओ मेरी जाने जनाना
तुम मेरे पास होते हो
कोई दूसरा नहीं होता
तुम मेरे पास होते हो
कोई दूसरा नहीं होता

ओ मेरे शाहे ख़ुबाँ
ओ मेरी जाने जनाना
तुम मेरे पास होते हो
कोई दूसरा नहीं होता

कब ख़यालों की धूप ढलती है
हर क़दम पर शमा सी जलती है
मेरा साया जिधर भी जाता है
तेरी तस्वीर साथ चलती है

ओ मेरे शाहे ख़ुबाँ
ओ मेरी जाने जनाना
तुम मेरे पास होते हो
कोई दूसरा नहीं होता
तुम मेरे पास होते हो
कोई दूसरा नहीं होता

तुम हो सहरा में
तुम गुलिस्ताँ में
तुम हो ज़र्रों में
तुम बियाबाँ में
मैंने तुमको कहाँ कहाँ देखा
छुपके रहते हो
तुम रगे जाँ में

ओ मेरे शाहे ख़ुबाँ
ओ मेरी जाने जनाना
तुम मेरे पास होते हो
कोई दूसरा नहीं होता
तुम मेरे पास होते हो
कोई दूसरा नहीं होता

मेरी आँखों की जुस्तजू तुम हो
इल्तिजा तुम हो आरज़ू तुम हो
मैं किसी और को तो क्या जानूँ
मेरी उल्फ़त की आबरू तुम हो

ओ मेरे शाहे ख़ुबाँ
ओ मेरी जाने जनाना
तुम मेरे पास होते हो
कोई दूसरा नहीं होता
तुम मेरे पास होते हो
कोई दूसरा नहीं होता

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.